श्री सदगुरू देवाय नमः ओ३म् जय माता दी
सीताराम बाबा जी जय बाबा की श्याम बाबा
! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!!

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 24 | अंक 27 | पृष्ठ 8 | रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) | शुक्रवार | 3 नवम्बर 2023 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## हादसों में दो युवकों की मौत

काशीपुर( उद संवाददाता)। क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर देर रात दर्दनाक तरीके से घटित सड़क हादसों में दो युवकों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। पहली घटना के बारे में पता चला है कि केरीपुर जंगल, तहसील रेहड़, जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी जसदेव सिंह 22 वर्ष पुत्र स्वर्गीय परविंदर सिंह की काशीपुर के प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान है। बताया गया कि ग्राम कुदैवोवाला में जल निगम के अंतर्गत ठेकेदार द्वारा आईसीसी के कार्य कराए जा रहे हैं। इस निर्माण कार्य


रनजीत जसदेव

की भी युवक देखरेख किया करता है। बताते हैं कि देर रात लगभग 11:30 बजे मोटरसाइकिल (शेष पृष्ठ सात पर)

### हेलमेट होता तो बच सकती थी जान

काशीपुर। एक्सीडेंट के दोनों ही मामलों में जिस गाड़ी एक्सीडेंट हुआ अभी तक उसका पता नहीं चला है। दोनों मृतकों के सिर में गंभीर चोटे पाई गई। पुलिस के मुताबिक दोनों ही मामलों में मृतकों के सिर पर हेलमेट नहीं पाए गए। माना जा रहा है कि यदि वहां चालक हेलमेट से लैस होते तो मुमकिन है उनकी जान बच सकती थी। फिलहाल घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज से दुर्घटना की तस्वीर पूरी तरह से साफ होने की संभावना है।

## देहरादून में कल सजेगा बागेश्वर बाबा का दरबार

### पचास हजार से अधिक भीड़ पहुंचने की संभावना



देहरादून (उद संवाददाता)। नवंबर शनिवार को लगने वाला धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का दरबार अब दून के परेड ग्राउंड के पास खेल मैदान में लगेगा। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में अनुमति को लेकर क्लीयरेंस नहीं मिलने और सुरक्षा कारणों के चलते आयोजन स्थल में बदलाव करना पड़ा। परेड ग्राउंड खेल मैदान में दरबार लगाने के लिए खेल निदेशालय से अनुमति मिल गई है। वहीं, शुक्रवार को हवन पूजा के साथ तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। राजधानी दून में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का पहली बार दरबार लगाया जा रहा है। श्री पशुपतिनाथ मंदिर भारत चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से इस कार्यक्रम को रायपुर के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में कराया जा रहा था, लेकिन रायपुर से कार्यक्रम (शेष पृष्ठ सात पर)






## खेत में अश्लील हरकतें करते दो महिलाओं सहित तीन पकड़े

किच्छा (उद संवाददाता)। गत रात्रि पुलभट्टा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिरौलीकलां के एक खेत में औचक दबिश देकर दो महिलाओं सहित तीन लोगों को अश्लील हरकतें करते गिरफ्तार कर लिया। जबकि वहीं मौजूद अन्य लोग पुलिस को चकमा देकर फरार हो गये। तलाशी लेने पर उनके पास से मोबाईल व हजारों की नगदी बरामद हुई। पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर फरार लोगों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एसआई प्रदीप सिह गर्ब्याल साथी पुलिसकर्मियों हेकां. फिरोज खान, कानि. चारू पन्त, महिला आरक्षी हेमा सुयाल के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर से मिली सूचना पर टीम खालसा ढावे के पीछे से गन्ने के जुते खेतो में पहुंचे जहां पेडो की आड में कुछ महिलाए एवं पुरुष अश्लील हरकत करते दिखाई दिये। पुलिस टीम ने मौके से दो महिलाओं व एक पुरूष को पकड़ लिया। जबकि अन्य लोग पुलिस को चकमा देकर भाग गये। दूर तक उनका पीछा किया लेकिन हाथ नही आये। पकड़ी गयी दोनों महिलाओ की तलाशी लेने पर उनके पास से मोबाईल व नगदी बरामद हुई। पूछताछ करने पर उन्होंने अपनी महिला सरगना तथा मौके से भागने वालों के नाम पुलिस को बताये। उनका कहना था महिला सरगना सब लोगो को यहॉ गलत काम कराने (शेष पृष्ठ सात पर)

## छह दिन के मासूम की मौत पर अस्पताल में हंगामा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। छह दिन के नवजात शिशु की मौत पर परिजनों ने निजी अस्पताल में जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्मार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने अस्पताल संचालक के खिलाफ तहरीर देकर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक प्रीत बिहार निवासी नीरज पाल के घर में गत दिनों पहले बच्चे ने जन्म लिया था। परिवार में खुशी का माहौल था। 31 अक्टूबर को अचानक नवजात शिशु की तबियत बिगड़ गयी। उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी जिस पर परिजन उसे पास ही स्थित न्यू मेडीस्टार हॉस्पिटल ले गये। निजी क्लीनिक पर ले गये। जहां चिकित्सक ने उसका उपचार किया।



गुरूवार दोपहर बाद 6 दिन के नवजात शिशु की मौत हो गयी। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने क्लीनिक संचालक पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को किसी तरह समझा बुझाकर शांत किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले को लेकर कोतवाली में दी तहरीर में नीरज पाल पुत्र महेश पाल ने कहा कि मंगलवार को तीन दिन के (शेष पृष्ठ सात पर)

### फैक्ट्री कर्मी की संदिग्ध मौत

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। संदिग्ध हालातों में तबियत बिगड़ने से फैक्ट्री कर्मी की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से जिला महेन्द्रगढ़ हरियाणा निवासी 38 वर्षीय छज्जू राम पुत्र राम अवतार किच्छा बसंत गार्डन कालोनी में रहता था। वह सिडकुल की परफैटी कंपनी में काम करता था। बीती शाम अचानक उसकी तबियत बिगड़ गयी। उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

### शराब पीकर कालेज आने पर असिस्टेंट प्रोफेसर निलंबित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।शासन ने एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शंकर नाथ गोस्वामी को निलंबित कर दिया है। उन पर कॉलेज में शराब पीकर आने का आरोप है। निलंबन की अवधि में उन्हें राजकीय महाविद्यालय कांडा बागेश्वर से संबद्ध किया गया है। असिस्टेंट प्रोफेसर पर आरोप है कि वह महाविद्यालय में शराब पीकर आए। जिससे छात्र-छात्राओं को असहज महसूस करना पड़ा उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगोली की ओर से जारी आदेश के मुताबिक महाविद्यालय में स्वच्छ एवं स्वस्थ शैक्षिक माहौल को ध्यान में रखते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर को 30 नवंबर 2023 तक राजकीय महाविद्यालय कांडा में संबद्ध (शेष पृष्ठ सात पर)

## राष्ट्रपति के कार्यक्रम के चलते पंतनगर में सात नवम्बर को बंद रहेंगे स्कूल

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने महामहिम राष्ट्रपति के पन्तनगर आगमन को लेकर चल रही तैयारियों की गुरूवार की देर रात्रि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में समीक्षा ली। जिलाधिकारी ने पन्तनगर विश्व विद्यालय क्षेत्र में संचालित प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं इण्टर कॉलेजों को 7 नवंबर को बन्द रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश यूनीवर्सिटी के डैम को दिये। जिलाधिकारी ने चल रहे कार्यों को हर हाल में 5 नवम्बर से पहले पूर्ण करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने पन्तनगर एयरपोर्ट पर रंगाई-पुताई, पार्किंग क्षेत्र सफाई, घास कटिंग आदि कार्य 4 नवम्बर तक पूरे करने के निर्देश निदेशक पन्तनगर एयरपोर्ट को दिये। जिलाधिकारी ने निर्धारित 12



स्थानों पर बैरिकेटिंग हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने तथा वीआईपी पार्किंग स्थल की भी बेरिकेटिंग कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को दिये। उन्होंने विश्वविद्यालयों के अधिकतम लोड पर विद्युत सप्लाई चेक करने, तथा विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु दो जनरेटर रखने के भी निर्देश यूपीसीएल के अभियंताओं को दिये। उन्होंने मांग के अनुरूप वाहनों की व्यवस्था करने के निर्देश एआरटीओ को दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता से करने के निर्देश दिये। बैठक में (शेष पृष्ठ सात पर)

## विजिलेंस टीम ने पकड़ी मिलावटी पनीर की खेप

हरिद्वार (उद संवाददाता)।त्योहारी सीजन शुरू होते ही मिलावटखोर भी सक्रिय हो गए हैं। एफडीए और एफडीए विजिलेंस टीम लगातार बॉर्डर एरिया पर चेकिंग कर रही है। शुक्रवार तड़के तीन बजे टीम ने बाहरी राज्य से देहरादून ले जाया जा रहा मिलावटी पनीर जब्त किया। जानकारी के अनुसार दीपावली आने से पूर्व खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी भी मिलावट खोरों पर पैनी नजर लगाए हुए हैं। शुक्रवार तड़के सुबह 3 बजे जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमएन



जोशी के नेतृत्व में हरिद्वार जनपद में बाहर से आने वाले वाहनों की धर पकड़ के लिए एफडीए व एफडीए विजिलेंस टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे रात के अंधेरे में एक बुलेरो वाहन से लगभग 4 कुंतल पनीर देहरादून ले जा रहे व्यक्तियों को पकड़ा।संदेह के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा दो नमूने जांच हेतु सील पैक कर भेजे गए अथवा मौके पर पर 4 कुंतल पनीर (शेष पृष्ठ सात पर)

# छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना हुई जारी, सात नवम्बर को होगा मतदान

रूद्रपुर/हल्द्वानी। छात्रसंघ चुनाव के लिए अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी गई। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा प्राचार्य की तरफ से की गई। अधिसूचना के अनुसार मतदान सात नवंबर को निश्चित किया गया है। सात नवंबर को मतदान कराया जाएगा। मतगणना व परिणाम की घोषणा सात नवंबर को ही अपराह्न तीन बजे से शुरू कर दी जाएगी। रुद्रपुर। छात्रसंघ चुनाव के लिए अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी गई। जिसके बाद सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा प्राचार्य की तरफ से की गई। अधिसूचना के अनुसार मतदान सात नवंबर को निश्चित किया गया है। प्राचार्य डा. डीसी पंत ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम के अनुसार बुधवार एक नवंबर से छात्रसंघ निर्वाचन की अधिसूचना जारी की गई। जिसके बाद नामांकन प्रपत्रों की बिक्री दो नवंबर से पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक की जाएगी। दूसरे दिन तीन नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन प्रक्रिया होगी। चार नवंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक नामांकन पत्र की वापसी के साथ ही दोपहर एक बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। जांच के बाद सही पाए गए प्रत्याशियों की सूची चार नवंबर को शाम चार बजे घोषित की जाएगी। प्राचार्य ने बताया कि छह नवंबर को आम सभा का आयोजन पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर एक बजे तक किया जाएगा। छह नवंबर को ही उसी दिन मतदान की तैयारी के लिए बूथ निर्माण आदि व्यवस्था सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक की जाएगी। सात नवंबर को सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतगणना व परिणाम की घोषणा सात नवंबर को ही अपराह्न तीन बजे से शुरू कर परिणाम आने तक की जाएगी। सात नवंबर को ही मतगणना समाप्त होने व परिणाम के बाद नए छात्रसंघ को शपथ ग्रहण कराया जाएगा। छात्रसंघ चुनाव को लेकर कॉलेजों में बुधवार को आचार संहिता लागू कर दी गई है। एमबीपीजी कालेज, महिला कालेज व हल्द्वानी शहर कालेज में नामांकन पत्रों की बिक्री दो नवंबर, नामांकन तीन नवंबर व मतदान व मतगणना सात नवंबर को होगा। आचार संहिता की जानकारी सूचना पट्ट पर भी लगा दी गई है। कालेज प्रबंधन ने छात्र उम्मीदवारों से लिंगदोह की सिफारिशों का सख्ती से अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं। कोई भी उम्मीदवार अगर लिंगदोह का अनुपालन नहीं करता है तो उसका नामांकन रद करने की चेतावनी दी गई है।

# कांग्रेस ने दिया छात्रसंघ अध्यक्ष निर्दलीय प्रत्याशी संजय जोशी को दिया समर्थन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्वराज आश्रम मे जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी ने बैठक कर एमबी महाविद्यालय छात्रसंघ चुनाव को लेकर गहन विचार मंथन किया। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण में छात्र नेताओं और विभिन्न छात्रसंघों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कांग्रेस ने हमेशा प्रत्याशी संजय जोशी को अपना पूर्ण समर्थन दे दिया है। सुमित हृदयेश ने कहा कि इस बार का छात्रसंघ चुनाव सत्ताबल और छात्र एकता के बीच है। संजय जोशी छात्र एकता का पर्याय बन चुका है। कई पूर्व छात्रसंघ पदाधिकारी उसे अपना आशीर्वाद दे चुके है। जीत छात्र एकता की होगी।महानगर अध्यक्ष की रणनीति तैयार की गई। निर्दलीय अध्यक्ष प्रत्याशी संजय जोशी और एनएसयूआई विश्वविद्यालय प्रत्याशी सुजल सचिन को हेमन्त बगडवाल, मलय बिष्ट, सुहैल सिद्दीकी, गिरीश पांडे, पार्षद राधा आर्य, प्रीति आर्य, जगमोहन बगडवाल, गोविंद बगडवाल, सौरभ भट्ट, हेमन्त साहू, हेम पांडे, मोहन बिष्ट,



छात्रों की आवाज को मजबूती देने के लिए छात्रसंघों को मजबूत करने का कार्य किया है। कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा हमेशा छात्र हितों की लड़ाई लड़ी गयी है। छात्रसंघ अध्यक्ष निर्दलीय प्रत्याशी संजय जोशी ने लंबे समय से एनएसयूआई की मजबूती के पूरी ईमानदारी से कार्य किया। जिसके फलस्वरूप कांग्रेस ने अध्यक्ष पद के एडवोकेट गोविंद बिष्ट ने कहा कि इस बार कांग्रेस एमबीपीजी कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी संजय जोशी को अपना समर्थन दे रही है। एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रत्याशी पद पर सुजल सचिन तथा अध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी संजय जोशी को अपना समर्थन देकर छात्रों की लड़ाई लड़ने की जिम्मेदारी तय की है और बैठक कर आगे इंदरलाल आर्य, मोकिन सैफी, हेमन्त पाठक, कमल मेहता, एडवोकेट पारितोष, कैलाश साह, राजू रावत, सुरेंद्र नगरकोटी, विशाल भोजक, गुड्डू सम्मल, शैलेंद्र दानु, त्रिलोक कठायत, सूरज बिष्ट, नाजिम अंसारी, लाल सिंह पवार, करन अरोड़ा, राजा फर्श्वन, जिज्ञाशू भट्ट, बबलू बिष्ट, महेश कांडपाल, इशरत अली आदि ने अपना आशीर्वाद और समर्थन दिया।

# शिविर में राजस्व विभाग ने बनाये प्रमाण पत्र

सितारगंज(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म नगर पंचायत सभागार में राजस्व विभाग द्वारा, शिविर लगाया गया, जिसमें 16 लोगों ने भूमि धरी अधिकार के लिए अपनी दस्तावेज जमा किये। इस दौरान लगभग 90 अन्य प्रमाण पत्र बनाए गए। वर्ग आठ में काबीज कास्तकारों को भूमि धरी अधिकार दिए जाने के बाबत, राजस्व विभाग द्वारा 9 नवंबर को सितारगंज तहसील परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी के मद्दे नजर गुरुवार को, प्रभारी तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी के नेतृत्व में राजस्व विभाग द्वारा, नगर पंचायत के सभागार में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग 8 में काबीज 16 कास्तकारो ने भूमिधारी अधिकार पाने के लिए, राजस्व विभाग में अपनी दस्तावेज जमा किए। इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा वृद्धा, विकलांग, विधवा, जाति, आय, ईडब्ल्यूएस, निवास के लगभग 90 प्रमाण पत्र बनाए गए। प्रभारी तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने कहा कि भूमिधरी अधिकार चाहने वाले काश्तकारों को, कठिनाई न हो एवं स्कूली बच्चों को प्रमाण पत्र बनाने में कोई असुविधा न हो, इसके मद्देनजर यहां शिविर लगाया गया है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास, गोविंद पोखरिया, गोविंद सरकार, देवासीश पोद्दार, रवि मजूमदार, सिंह भंडारी, पटवारी राम अवतार, मुकेश कुमार समेत तमाम लोग मौजूद थे।



# माता साहिब कौर के जन्मदिन पर मातृशक्ति को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु गोविंद सिंह द्वारा खालसा पंथ की माता का दर्जा प्राप्त माता साहिब कौर के जन्मदिन पर मातृशक्ति को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य एवं धर्म प्रचार में अग्रणी रहकर योगदान देने का आह्वान किया गया। सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा ग्राम बिजपुरी नयागांव में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाज सेविका भूपेंद्र कौर बेदी और उत्तराखंड सिख मिशन काशीपुर के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह द्वारा की गई। हरजिंदर सिंह ने बताया कि सिख धर्म में माता साहिब कौर को खालसा की माता का दर्जा दिया गया है जिन्होंने आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए अपना जीवन धर्म की खातिर अर्पित कर दिया। इस मौके पर सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक एवं कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र सिंघ द्वारा बताया गया कि माता साहिब कौर द्वारा सिख पंथ की चढ़दी कला एवं मुगलों के आतंक के दौरान भी सिख पंध की अगुवाई करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश एवं न्यायिक फैसले दिए जाते रहे।तभी उन्हें खालसा पंथ की माता का दर्जा दिया गया है। इस दौरान सिख रहित मर्यादा का पालन करने वाली अग्रणी 11 महिलाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान निर्मल कौर,सहजप्रीत कौर, कुलदीप कौर,तरनजीत कौर,गुरलीन कौर,परविंदर कौर,गुरप्रीत कौर,अमरजीत कौर,राजेंद्र कौर,गगनदीप कौर,परमजीत कौर आदि लोग शामिल थे।



# सिडकुल में युवाओं के शोषण के खिलाफ सीएम को भेजा ज्ञापन

सितारगंज(उद संवाददाता)। ब्लॉक महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर सिडकुल में स्थित कंपनियों द्वारा युवाओं के साथ शोषण किए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। ब्लॉक महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को भेजें ज्ञापन में कहा कि सितारगंज में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय पंडित नारायण दत्त तिवारी ने सिडकुल की स्थापना कर, कई बड़ी एवं छोटी कंपनियों को स्थापित करवाया। जहां पर स्थानीय युवाओं को 70 प्रतिशत रोजगार देने संबंधित शासनादेश लागू किया गया था। परंतु आज स्थानीय युवाओं को कंपनियों में नौकरी न देकर इन कंपनियों द्वारा बाहरी प्रदेशों के युवाओं को, रोजगार देकर यहां के युवाओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। कहां की कंपनियों में ठेकेदारी प्रथा के चलते युवाओं का शोषण हो रहा है, कुछ कंपनियों में नौकरी कर रहे युवाओं को पूरे माह का काम न कराकर महज 12 से 15 दिन ही काम कराया जाता है। जिससे युवाओं को पूरे माह का वेतन नहीं मिल पा रहा है।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री से युवाओं के साथ हो रही शोषण के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन भेजने वालों में सरस्वती बाला, जानकी कोहली, चरणजीत कौर, ज्ञानी देवी, गुरजीत कौर, देवकी देवी , बसीम मियां, दयानंद सिंह आदि शामिल थे।



# तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचेगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## सात नवंबर को पंतनगर विवि भ्रमण,आठ को बदरीनाथ धाम के दर्शन,नौ नवम्बर को राज्य स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगी

देहरादून(उद संवाददाता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सात नवंबर से उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगी। बता दें राज्य गठन के बाद यह



पहला अवसर होगा जब स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रपति बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम के साथ ही अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगी। उनके उत्तराखंड दौरे को लेकर शासन-प्रशासन की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई है। राष्ट्रपति के आगमन कार्यक्रम के अनुसार सात नवंबर को राष्ट्रपति पंतनगर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करेंगी। रात्रि विश्राम राष्ट्रपति देहरादून में करेंगी। राष्ट्रपति का रात्रि भोजन राजभवन में होगा। आठ नवंबर को सुबह जीटीसी हेलीपैड से बदरीनाथ धाम के लिए रवाना होंगी। बदरीनाथ धाम में दर्शन और आरती के बाद केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। यहां से वह रात्रि विश्राम के लिए वापस राजभवन लौटेंगी। नौ नवंबर सुबह नौ बजकर 35 मिनट पर पुलिस लाइन में राज्य स्थापना दिवस परेड की सलामी लेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति यहां से वापस दिल्ली के लिए रवाना होंगी।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सात से नो नवंबर तक उत्तराखंड दौरे पर हैं। उनके आगमन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। दून की सड़कों के साथ ही शहर को भी संवारा जाएगा। डीएम सोनिका ने समीक्षा बैठक कर विभागीय अधिकारियों को इसके निर्देश दे दिए हैं। देहरादून की जिलाधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार में तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति के आवागमन रूट एवं कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाएं चाक चौबंद बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोनिवि एवं एनएच के अधिकारियों को गड्ढामुक्त सड़क करने और विद्युत विभाग को झूलते तारों को ठीक करने के लिए कहा है। इसके अलावा उन्होंने वन विभाग को रूट पर गिरासू पेड़ों को काटने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने पुलिस विभाग को भी आवागमन रूट के साथ ही राज्य स्थापना दिवस के लिए बनाए गए कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को पूरा करने के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा नगर निगम को सफाई व्यवस्था पूर्ण तरीके से बनाये रखने के निर्देश दिए हैं।

# 'घिंगारू की लाठी' के सहारे चैकअप कराने पहुंचे हरदा

देहरादून(उद संवाददाता)। बाजपुर में पिछले दिनों हुई सड़क दुर्घटना में चोटिल पूर्व सीएम हरीश रावत के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। गुरूवार को वह स्वास्थ्य की जांच के लिए एक लाठी के सहारे अस्पलाल पहुंचे थे। वहीं सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए पूवे सीएम हरदा ने बताया कि मैं जौलीग्रांट स्थित हिमालयन हॉस्पिटल में भर्ती रहा। डॉक्टर साहब ने जो दवाईयां दी हुई थी उनका कितना असर मेरे स्वास्थ्य पर है उसको फिर से रिचैक करवाने के लिए यहां आया, तो अब रिचेकिंग के बाद वापस जा रहा हूं। मेरी इस लाठी के विषय में पूछ रहे हैं मुझसे, यह घिंगारू की लाठी है इसका जो छोटा सा फल होता है, भगवान ने चाहा तो अगले एकाध साल में उस फल से भी कुछ दवाइयां बन रही होंगी, यह उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पाया जाता है और यह लाठी, केदारनाथ यात्रा के समय में किसी श्रद्धालु ने लाकर के मुझे दी थी, इससे ही मैंने केदारनाथ यात्रा की थी, फिर से इस लाठी का सहारा ले रहा हूं। वहीं पूर्व सीएम हरदा का लाठी के सहारे अस्पताल पहुचने का वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। हांलाकि लाठी के सहारे और घिंगारू के उपयोग को लेकर भी उन्होंने सुझाव दिये है।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# भगवती जागरण में मां के भजनों पर झूमे भक्तजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि नई घास मंडी आदर्श कालोनी में मां के भक्तों द्वारा आयोजित मां भगवती के विशाल जागरण एवं भंडारा कार्यक्रम में आमंत्रित भजन गायक कलाकारों द्वारा गाए गए मां के भजनों में उपस्थित श्रद्धालु मां की भक्ति में खो कर झूमते रहे। उससे पूर्व पूर्व कबीना मंत्री एवं गदरपुर के विधायक अरविंद पांडेय, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल तथा वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा चुनाव संचालन समिति के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ, श्री सिद्धेश्वर बालाजी मंदिर के महंत रमेश वशिष्ठ, आदि ने पूजा अर्चना कर मां भगवती जागरण की पावन ज्योति प्रज्ज्वलित की। जागरण के संयोजकों दीपक कुमार, शिव कुमार, रविंद्र सागर, देवेंद्र कुमार व दिनेश सागर आदि ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में विधायक श्री पांडेय ने कहा कि हिंदू धर्म में कन्याओं को मां के रूप में पूजा जाता है। हमें परिवार में कन्याओं को अच्छी शिक्षा तथा संस्कार देकर उन्हें समाज में आगे बढ़ने का पूरा मौका देना चाहिए। श्री ठुकराल ने कहा कि मां की आराधना हर मां भक्त को प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकाल अवश्य करनी चाहिए। श्री चुघ ने कहा कि सच्चे मन से जी भी व्यक्ति मां भगवती की आराधना करता है उसकी मनोकामनाएं मां भगवती अवश्य पूरी करती है। श्री चुघ मां भगवती जागरण के सभी सहयोगियों के इस पुण्य कार्य की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि मां भगवती कीआराधना के साथ घर में जन्मजननी मां की भी हर पल सेवा करनी चाहिए इससे बड़ा पुण्य कार्य कोई नहीं है। इस मौके पर श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसाद भी वितरित किया गया।





मां भगवती जागरण में काशीपुर से आई गुलजार सिंह एण्ड पार्टी के महंत हैप्पी चिलाना की अगुवाई में भजन गायक कलाकार अमन सांवरिया ने गणेश वंदना के साथ जागरण का शुभारंभ किया। महंत हैप्पी चिलाना ने सरस्वती वंदना, गुरु वंदना तथा फूलों की वर्षा भजन सुनाए। प्रातःकाल तारारानी की कथा के पश्चात आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, राजकुमार सीकरी, राज कोली, शिवकुमार शिव्वु, दीपक कुमार, देवेन्द्र डब्लू, शिवकुमार, दिनेश, राजू सागर, राजपाल सागर, विशाल सागर, जुगनू सागर, नंदा बल्लभ जोशी, सौरभ सागर, सुशील कुमार, डा.वीके शर्मा, रवि पाल, विकास कुकरेजा आदि मौजूद थे।

# जस्टिस रितु बाहरी को नैनीताल हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश

नैनीताल(उद संवाददाता)। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली कॉलिजियम ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की न्यायाधीश रितु बाहरी को उत्तराखंड में नैनीताल हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी 26 अक्तूबर को सेवानिवृत्त हो गए थे। इसके बाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाए गए हैं। जस्टिस रितु बाहरी पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की पहली महिला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हैं। उन्होंने 14 अक्तूबर 2023 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का दायित्व संभाला था। वर्तमान में वह पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की दूसरी वरिष्ठतम जज हैं। जस्टिस रितु बाहरी के पिता जस्टिस अमृत लाल बाहरी भी पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में जज रह चुके हैं।जस्टिस रितु बाहरी ने 1962 में पंजाब के जालंधर में जन्मी रितु बाहरी ने अपनी पढ़ाई चंडीगढ़ में की और 1985 में पंजाब यूनिवर्सिटी से लॉ की डिग्री हासिल की। 1986 में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में वकालत शुरू की और इसके बाद हरियाणा एडवोकेट जनरल कार्यालय में सेवाएं दीं। 16 अगस्त 2010 को उन्हें पंजाब- हरियाणा हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया था।



# जहां नारी का अपमान होता है वहां नहीं रहती सुख शांति

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में कार्तिक मास की कथा के षष्टम दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि जहां स्त्री का यह धर्म है कि वह अपने पति की तन मन से सेवा करें तथा उसकी आज्ञा का पालन करें वहां पुरुष का भी धर्म है कि वह अपनी स्त्री का यथोचित सम्मान करें, जिस घर में स्त्रियों का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है और जहां स्त्रियों का अनादर होता है वहां कभी भी सुख शांति नहीं रह सकती। कथा श्रवण करने हेतु काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे। प्रसाद की सेवा वरिष्ठ समाजसेवी अमरदीप बजाज एवं श्रीमती दर्शना बजाज के परिवार द्वारा दी गयी।



# एक और मोटरसाइकिल चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्राइवेट हॉस्पिटल के सामने से अज्ञात चोरों ने एक और मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर खेरखाता, सरकरा खास, मुरादाबाद निवासी साहिल पुत्र मोहम्मद आरिफ हुसैन ने बताया कि बीते 25 अक्टूबर को 7:30 बजे के करीब उसने अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूपी 21 डीपी/8211 लॉक करके बाजपुर रोड स्थित पैगिया अस्पताल के सामने खड़ी किया था इस दौरान घात लगाए चोरों ने प्राइवेट हॉस्पिटल के सामने खड़ी मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस में तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों का पता लगाना शुरू किया है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

## दंपति के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज

काशीपुर (उद संवाददाता)।विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने दंपति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस को तहरीर देकर यूपीसीएल के उपखंड अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि ग्राम रमपुरा निवासी भीम सिंह पुत्र जसवंत सिंह तथा उसकी पत्नी छिंदर कौर पिछले लंबे समय से एल टी लाइन में कटिया डालकर विद्युत चोरी किया करते थे।

# जैव प्रौद्योगिकी की नवीन तकनीक से अवगत हुए नेपाली छात्र

पंतनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी का नेपाली छात्र-छात्राओं ने भ्रमण किया और वहाँ की शोध गतिविधियों से अवगत हुए। जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सार्क एजुकेशन फाउंडेशन, कंचनपुर, नेपाल के 30 छात्र-छात्राओं संग कैंपस स्कूल, पंतनगर के 100 विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों ने जैव प्रौद्योगिकी की बारीकियों को जाना। निदेशक डॉ. संजय कुमार के निर्देशन में संचालित कौशल विकास एवं जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत शैक्षिक भ्रमण पर आए छात्र-छात्राओं ने परिषद की अत्याधुनिक पर्यावरणीय जैव प्रौद्योगिकी, पादप ऊतक संवर्धन एवं आण्विक जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर आधुनिक उपकरणों की जानकारी ली। निदेशक डॉ. संजय कुमार ने उनको जैवप्रौद्योगिकी की नवीन शोध तकनीक से अवगत कराते हुए जैव प्रौद्योगिकी को आज की सबसे सार्थक विधा व विज्ञान की शाखा बतायी। उन्होंने ने कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में जैव प्रौद्योगिकी में अभिरुचि के लिए जागरूक करना बताया। लिए जल गुणवत्ता के साथ जल संरक्षण को बेहद जरूरी बताया। डॉ. सुमित पुरोहित ने छात्र-छात्राओं को टिश्यू कल्चर विधि से कीवी एवं अखरोट के पौधे बनाने की तकनीक कार्की, रे फॉउंडेशन के कौशल कुमार, प्रिया कुलश्रेष्ठ, सार्क एजुकेशन फाउंडेशन, कंचनपुर, नेपाल के सीईओ लक्ष्मण वस्नेत, राजेश भंडारी, भागवत देव भट्ट, सुमन पाण्डेय, श्रीमती रज्जना




वैज्ञानिक डा. मणिन्द्र मोहन ने पेयजल गुणवत्ता परीक्षण जांच करने की विधि बतायी तथा तराई के जल स्रोतों के वर्तमान गुणवत्ता स्थिति से अवगत कराया। डा. मोहन ने स्वस्थ जीवन के की जानकारी दी। डॉ. कंचन कार्की ने डीएनए पृथक्करण की जानकारी देकर बायोसेंसर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। यहां वैज्ञानिक डॉ. मणिन्द्र मोहन, डॉ. सुमित पुरोहित, डॉ. कंचन थापा, अनू भट्ट तथा कैंपस स्कूल, पंतनगर के उप प्रधानाचार्य डा0 राजेश सिंह, डा. प्राची पारीक, एके त्यागी, कल्पना रावेरकर, प्रियंका भट्ट एवं के पी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# लाभार्थियों को बांटे उज्जवला गैस योजना के कनेक्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने ग्राम आनंदखेड़ा में बीडीसी सदस्रू मीरा मलिक की मौजूदगी में 20 से अधिक महिलाओं को उज्जवला गैस योजना के कनेक्शन, गैस सिलेंडर और चूल्हे वितरित किये। इस दौरान महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुस्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि महिलाओं को चूल्हे में खाना बनाने के लिए लकड़ी से धुआं होने के कारण बहुत सी बीमारियो का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी महिलाओं को निशुल्क गैस दिए जाने की योजना बनाई हैं जिससे महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। साथ में अटल आयुष्मान योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से भी गरीबों का कल्याण हुआ है।इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य मीरा मलिक,क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि दुलाल मलिक,पूर्व प्रधान पिपलिया शांति बाला,भाजपा युवा नेता नेपाल विश्वास, मोतीलाल राय, कृष्ण हालदार, आशिद हालदार, अमल माझी के अलावा उज्ज्वला गैस योजना की लाभार्थी बीना हालदार, सुभाष माझी, दीप्ति खेराती, बसंती विश्वास, अनामिका हालदार, निशा विश्वास, शांति हालदार, अपर्णा हालदार, रीता बख्शी, पूजा माझी, ईशा ढली, सावित्री, सुषमा व्यापारी आदि थे।



# चारूबेटा में खड़ंजे का किया लोकार्पण

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। मंडी समिति खटीमा की ओर से ग्राम सभा चारूबेटा मे निर्मित खड़ंजे का लोकार्पण नंदन सिंह खडयात ने किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्राम वासियों द्वारा मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया।नंदन सिंह खडयात ने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लगातार क्षेत्र में विकास का पहिया तेजी से दौड़ रहा है। मंडी समिति खटीमा द्वारा विभिन्न ग्राम सभाओं में ग्राम वासियों की समस्याओं को दूर करने हेतु ताकि उन्हें आने-जाने में समस्या ना हो इसके लिए सीसी और खड़ंजे का निर्माण लगातार किया जा रहा है। इस अवसर पर शैलेंद्र मोहन शर्मा, बलदेव सिंह, बिल्ला, मुकेश रोहिल्ला, सुरेश आदि लोग उपस्थित थे।




SONY
Experience brilliance, this festive season
BRAVIA XR
Google TV
Special Festive OFFERS!
3 YEARS WARRANTY
INSTANT CASHBACK UPTO RS.25,000/-
1 EMI FREE
UPTO 30% OFF
SOUNDBAR COMBO OFFER
Bring home the ultimate cinematic experience
SAVE UPTO Rs. 64,990/-
BRAVIA
X90L SERIES
Vibrant Contrast. Vivid Colours.
BRAVIA XR LED
Range starts from Rs.1,29,990/-
A80L SERIES
Pitch black. Rich sound.
BRAVIA XR OLED
Range starts from Rs.2,04,990/-
X82L SERIES
Stunning Picture. Immersive Sound.
Range starts from Rs.73,990/-
PREMIUM SOUND BAR
HT-A7000+SW5+RS3S
9.1.4ch* Home theatre system with wireless subwoofer
BEST BUY: Rs. 1,83,980/-
HT-S2000
5.1ch* Compact Soundbar with Dolby Atmos
BEST BUY: Rs. 39,990/- (Bar only)
PORTABLE WIRELESS PARTY SPEAKER
SRS-XV800 NEW
SAVE Rs. 21,000/-
BEST BUY: Rs. 43,990/-
ATTRACTIVE FINANCE OPTIONS* 18/0 EMI 8/0 EMI 12/4 EMI 16/4 EMI
गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338 , Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007 Pilikothi +91-8923468434 Pilikothi +91-9690256666 HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146 GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999 KICHHA- Kichha +91-7017595920 LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000


SAMSUNG
17 YEARS Global No.1 TV
Big TV Festival
1st Oct - 20th Nov
Big offers. Big savings. Big celebrations.
Get* Galaxy S23 Ultra 256GB | 12GB worth ₹ 124999 (1 unit)
Get* The Serif TV (1 unit) worth ₹ 69990
Get* Soundbar (1 unit) worth up to ₹ 59990
3 Year warranty*
Up to 20% cashback*
+ 10% Extra Cashback* Samsung Axis Bank Credit Cards
85QN900C
MRP ₹ 1649900 Special promo price ₹ 1199990
98Q80C
MRP ₹ 1199900 Special promo price ₹ 874990
77S90C
MRP ₹ 619900 Special promo price ₹ 449990
85CU8000
MRP ₹ 449900 Special promo price ₹ 329990
Scan to own now




# राष्ट्रपति के भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

पन्तनगर(उद संवाददाता)। महामहिम राष्ट्रपति के 7 नवम्बर को गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्रस्तावित कार्यक्रम हेतु जिलाधिकारी ने पन्तनगर एयरपोर्ट निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि रोड पर सील कोड किया जाये और निर्धारित स्थानों पर व्यू कटर लगाये जायें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि घांस की एकसमान रूप से कटिंग की जाये और परिसर क्षेत्र स्वच्छ व सुन्दर हो। उन्होंने परियोजना निदेशक एनएचएआई को निर्देश दिये कि रोड किनारे (पटरी) की ड्रेसिंग अच्छी हो,ड्रेनेज क्लियर हो तथा फुटपाथ साफ-सुथरी व सुन्दर हों। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर गमले रखने की व्यवस्था करने के निर्देश परियोजना निदेशक एनएचएआई तथा मुख्य उद्यान अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने ड्यूटी हेतु तैनात किये जा रहे डॉक्टर्स तथा आगन्तुकों आदि की सूची फोटोग्राफ सहित पुलिस के साथ साझा करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। डीएम ने यूनीवर्सिटी के अधिकारियों तथा लोक निर्माण विभाग के अभियन्ताओं को आपसी समन्वय से, सुरक्षात्मक दृष्टि से आवश्यक बेरिकेटिंग करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, जय भारत सिंह, एसपी मनोज कत्याल, जीबी पन्त यूनीवर्सिटी के डेम मौहम्मद नासिर, परियोजना निदेशक एनएचएआई विकास मित्तल, उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, गौरव पाण्डे आदि उपस्थित थे।



# भाविप ने आयोजित किया डांडिया व करवा चौथ महोत्सव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा द्वारा डांडिया और करवा चौथ महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं के पंक्चुअलिटी कार्यक्रम से हुई जिसमें जीती हुई महिला सदस्यों को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, सीबीएसई सिटी कॉर्डिनेटर मंजू जोशी, प्रांतीय अध्यक्ष आरके गुप्ता, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव भगवान सहाय अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज, सचिव डॉ अभिषेक मित्तल द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। उसके पश्चात करवा चौथ क्वीन प्रतियोगिता तथा सजे करवा थाल प्रतियोगिता महिला सदस्यों द्वारा आयोजित की गई। सजे करवा थाल व करवा चौथ क्वीन प्रतियोगिता की विजेता रूपा अग्रवाल रही। कार्यक्रम का संचालन महिला संयोजिका डॉ निधि अग्रवाल द्वारा किया गया। हाई कोर्ट अधिवक्ता ईवीएम सदस्य सीमा बक्शी द्वारा महिलाओं को साइबर क्राइम से सचेत रहने हेतु निर्देशन प्रदान किए गए। विशिष्ट अथिति श्रीमती मंजू जोशी ने हुनर शाला से चयनित बालिका भावना मौर्या के कार्य से प्रसन्न होकर कक्षा 9 से 12 तक पढ़ाई की जिम्मेदारी ले कर बच्ची का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित हुनर कार्यशाला में बच्चियों द्वारा आत्मनिर्भरता के लिए दीपावली पर जीविका पार्जन हेतु बनाए गए गुल्लकों का स्टॉल विक्रय हेतु लगाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संयोजिका महिला एवं बाल संस्कार पाल मेहता, डॉ मोनिका मित्तल, संध्या गुप्ता, मीनू गुप्ता, एकता अग्रवाल, गुंजन सिंघल, दीपिंका अग्रवाल, नीतू अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित थे।



# आरएएन में प्रसिद्ध क्रिकेटर आर्यन जुयाल ने साझा किए अनुभव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आरएएन पब्लिक स्कूल में प्रेरणादायक वार्तालाप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्रिकेटर आर्यन जुयाल तथा विशिष्ट अतिथि विद्यालय संचालक मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय, ट्विनविन के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर वैभव द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस प्रेरणा प्रद वार्तालाप में क्रिकेटर आर्यन जुयाल ने बच्चों से वार्तालाप करते हुए अपने 10 वर्षों के अथक संघर्ष के बारे में बताया तथा बच्चों को जीवन में हार ना मानने की सीख दी और कहा कि अगर हम लक्ष्य को प्राप्त करना चाहते हैं, तो हमें हर विपरीत परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। बच्चों ने उनके द्वारा प्रकट किए गए विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय संचालक मोहित राय ने वहां उपस्थित सम्मानीय गणों का आभार व्यक्त किया।




# परंपरागत रूप से मनाया करवाचौथ पर्व

गददपुर (उद संवाददाता)।ज्ञान विहार कमेटी द्वारा करवा चौथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें सनातन धर्म मंदिर के पंडित विजय शास्त्री द्वारा करवा चौथ की पूजा करवाई गई। उसके पूजा उपरांत कमेटी द्वारा सभी व्रतधारी महिलाओं को व्रत खोलने के लिए प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा के दौरान पंडित विजय शास्त्री ने सुहागनों को करवा चौथ के व्रत की कथा सुना कर व्रत के महत्व को बताया कथा में पति की लंबी उम्र के लिए किस प्रकार से व्रत को रखा जाए। इस बारे में भी पंडित विजय शास्त्री ने सुहागनों को कथा के दौरान जानकारी दी।इस दौरान कमेटी के सदस्यों में सतीश, प्रमोद बजाज, मनोज अहूजा, प्रदीप, टिंकू अनेजा, सतीश दुआ, राकेश छाबड़ा, अमित छाबड़ा, के अलावा सोनम, रीतिका, दीपा डोडा,अमृता छाबड़ा, जूली सुधा, आभा, नीरू, पूजा, कविता, सुमन योग्यता, सीमा, अंजु, सुगंधा,भवना अरोरा, मानसी सुखीजा, रितु छाबड़ा, सांची बत्रा, गीता बजाज, दीक्षा बजाज, सोनम छाबड़ा, सविता दुआ, दीक्षा दुआ, पूजा पोपली, कविता दुआ, वंशिता दुआ, रितिका दुआ, राधा कपूर, कोमल बजाज, प्रेमा सुधा आदि सुहागनों ने करवा चौथ की कथा को सुना।






LSC Autowheels Private Limited

Corporate office-
Compound Kumar Oxygen Ltd, Rampur Road
Rudrapur, U. S Nagar, Uttarakhand

Saharanpur Road, Opposite Manav Kendra
Dehradun

Contact : 8395892141, 8954600123, 8954800123, 8191999120

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्


# पूछताछ का फरमान

प्रवर्तन निदेशालय के फरमान पर आप नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के हाजिर न होने को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठने शुरू हो गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए गुरुवार को उन्हें बुलाया था। मगर वहां जाने के बजाय एक पत्र लिख कर उन्होंने पूछा कि उन्हें किस हैसियत से बुलाया गया है। पत्र में न तो उन पर कोई आरोप स्पष्ट है और न यह बताया गया है कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर तलब किया गया है, मुख्यमंत्री के तौर पर या गवाह के रूप में। सीएम केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय के फरमान को राजनीति से प्रेरित और गैरकानून करार दे दिया। पूछा जा रहा है कि अब प्रवर्तन निदेशालय उनके खिलाफ क्या कार्रवाई कर सकता है।दरअसल, जैसे ही प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेजा, वैसे ही तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे थे। भाजपा के नेता दावे करने लगे थे कि अब केजरीवाल भी गिरफ्तार होंगे। उधर आम आदमी पार्टी के नेता भी ऐसी ही आशंकाएं व्यक्त करने लगे थे। इसे लेकर सदा की तरह आम आदमी पार्टी केंद्र सरकार पर हमले करती रही। मगर इन सब सियासी पैंतरों और बयानबाजियों के बीच यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ने और खुद को कट्टर ईमानदार पार्टी बताने वाली आम आदमी पार्टी के संयोजक ने इस जांच से खुद को दूर रखने का फैसला क्यों किया। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि प्रवर्तन निदेशालय के कामकाज के तरीके को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। इस पर सर्वोच्च न्यायालय भी कड़े शब्दों में उसके अधिकार क्षेत्र को रेखांकित कर चुका है। निदेशालय के ज्यादातर छापे और गिरफ्तारियां या पूछताछ की कार्रवाइयां विपक्षी नेताओं के खिलाफ ही हुई हैं, इसलिए भी उसकी मंशा पर सवाल गहरे हुए हैं। मगर इसका मतलब यह नहीं कि खुद को ईमानदार बताने वाले केजरीवाल भी उन्हीं आरोपों की आड़ में पूछताछ से बचने का प्रयास करें। उनसे लोगों की स्वाभाविक उम्मीद थी कि वे प्रवर्तन निदेशालय के सामने अपना पक्ष रखेंगे और बेदाग बाहर निकलेंगे। मगर ऐसा न करके वे कई उलझे सवाल छोड़ गए हैं। कानूनी कार्रवाइयों को कानूनी दांव-पेंच से ही निपटाया जा सकता है, उसमें सियासत ले आना ठीक नहीं कहा जा सकता। वह पहले मुख्यमंत्री नहीं हैं, जिन्होंने प्रवर्तन निदेशालय के फरमान की अवहेलना करते हुए पूछताछ में सहयोग न करने का फैसला किया है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय पांच बार नोटिस भेज चुका है, मगर वे पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुए हैं। हालांकि इस आशंका को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि अगर अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय जाते, तो उन्हें भी गिरफ्तार किया जा सकता था। पहले ही उनके दो बड़े नेताओं- उपमुख्यमंत्री रहते मनीष सिसोदिया को और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को इसी मामले में सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। पिछले दिनों जिस तरह कहा गया कि शराब घोटाले में अगर लाभ पूरी पार्टी को मिला है, तो पूरी पार्टी को आरोपी बनाया जाना चाहिए। उससे भी साफ हो गया था कि इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय आम आदमी पार्टी के किसी भी नेता को पूछताछ के लिए बुला और फिर गिरफ्तार कर सकती है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का मतलब है कि पूरी पार्टी और दिल्ली सरकार अशक्त हो जाएगी। मगर केवल ऐसे कयासों के आधार पर किसी को कानून के साथ सहयोग न करने की छूट नहीं मिल जाती।

# सुभेन्द्र राव की प्रस्तुति ने बांधा शमा

## सुनंदा शर्मा के ठुमरी, चैती, कजरी और दादरा से मंत्रमुग्ध हुए लोग





देहरादून(उद संवाददाता)। विरासत आर्ट एंड हेरीटेज फेस्टिवल 2023 के सातवें दिन के कार्यक्रम की शुरूआत विरासत साधना के साथ हुआ। विरासत महोत्सव 2023 स्कूली बच्चों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बहुमूल्य अवसर है। आज प्रतिभागियों ने नृत्य श्रेणि में अपना शानदार प्रदर्शन देकर लोगो को मानमोहित किया । विरासत साधना में जहां 17 स्कूलों के युवा छात्रों द्वारा शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किए गए। जिसमे ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी की सजप्रीत कौर कालरा, नाट्यरंभ की हरसिता अग्रवाल, आर्यन स्कूल की केसर कपिल, दून डिफेंस इंटरनेशनल स्कूल की मृगना नौटियाल एवं दून ब्लॉसम्स स्कूल की बर्थवाल ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति की। श्री हंस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी से विस्सल सिंह, आशिमा डांस एंड आर्ट्स एकेडमी से दीपांशी भट्ट, तार्श सेठी और हेमंत कांथा, झंकार नृत्य वाटिका से आयुषी छेत्री, सेंट तारा एकेडमी से दिविषा, मधुकर कला संस्थान से मुस्कान अग्रवाल, योगेश राघव एवं दीपक भट्ट, हिल क्वीन पब्लिक स्कूल से तेजस्वानी, राजहंस पब्लिक स्कूल से देवांशी राणा, ईड्डू विला इंस्टीट्यूट से दिव्याना कोठियाल, गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स पटियाला से रितिका गुलाटी, एसजीआरआर पब्लिक स्कूल बलावाला से प्रियंका बडोला,





एसजीआरआर पब्लिक स्कूल सहस्त्रधारा रोड से खुशी कुल्हान एवं विनहिल पब्लिक स्कूल से एकाक्षी चौहान ने कत्थक की प्रस्तुति की। श्री घनश्याम जी ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ आनंद बर्धन, आईएएस, अपर मुख्य सचिव, उत्तराखंड सरकार ने दीप प्रज्वलन के साथ किया एवं उनके साथ रीच विरासत के महासचिव आर.के.सिंह एवं अन्य सदस्य भी मैजूद रहें। सांस्कृतिक कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति में सुभेन्द्र राव जी की रही जिसमें उन्होंने सितार वादन किया और उन्होंने राग हेमन्त और राग पीलू में सुन्दर रचनाएँ प्रस्तुत कीं। शुभेन्द्र जी ने कार्यक्रम का समापन राग जोगेश्वरी से किया जो पं. रविशंकर जी द्वारा रचित राग जोग और राग राजेश्री का मिश्रण है। सांस्कृतिक कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुति में सुनंदा शर्मा द्वारा भारतीय शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी गई... सुनंदा की ने छोटा ख्याल के साथ अपना कार्यक्रम शुरू किया और फिर उन्होंने बड़ा ख्याल गाया। जिसमें उन्होंने राग पूर्वी में एक बंदिया पेश किया, बाद में उन्होंने राग टप्पा गाया, ''सतवे जानी यार..''. उनकी अगली प्रस्तुति राग खमाज में ठुमरी थी, "ठाढ़े रहो बाँके शयाम.." एवं उन्होंने पारंपरिक दादरा रचना के साथ अपनी प्रस्तुति का समापन किया। उनके साथ तबले पर मिथिलेश झा, हारमोनियम पर पारोमिता मुखर्जी, तानपुरा पर नितिन शर्मा और अमित रतूड़ी ने संगत की।

# राजकीय इंटर कालेज में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

सितारगंज(उद संवाददाता)।राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित भाषण प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार पाठक एवं उपमहाप्रबंधक पीयूष पांडे द्वारा किया गया। इस दौरान कक्षा 11 एवं 12 के सभी छात्रों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया गया। छात्रों द्वारा भ्रष्टाचार का विरोध करें राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे विषयों पर अपने-अपने विचार रखें। भाषण प्रतियोगिता



में पांच बच्चे प्रथम, द्वितीय व तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान पर आए जिन्हे पुरस्कार प्रदान किया गया। 12वीं क्लास के अरुण प्रथम, 12वीं कक्षा के फरमान द्वितीय, 12वीं कक्षा के राजपाल तृतीय, 12वीं कक्षा के ध्रुव सिंह चतुर्थ एवं 11वीं कक्षा के आदित्य दुबे पांचवें स्थान पर आए। कार्यक्रम की साज सज्जा विद्यालय प्रवक्ता धर्मेंद्र नाथ चौबे तथा विनोद कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभासद रवि रस्तोगी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन चंदन सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक गण मौजूद रहे।

# सत्यापन अभियान से मचा हड़कम्प

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस द्वारा नगर में किराएदारों का सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। जिससे मकान मालिकों और किराएदारों में हड़कंप मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज कोतवाली पुलिस द्वारा उप निरीक्षक राजेंद्र पंत के नेतृत्व में वंडिया क्षेत्र में किराए पर रह रहे लोगों का सत्यापन करना प्रारंभ किया।इसके उपरांत सिसैया ग्राम बांग्लादेश क्षेत्र सहित तमाम गली मोहल्ले में सत्यापन कार्यक्रम चलाया गया ।जिसमें कई मकान मालिकों के चालान भी काटे गए। उल्लेखनीय की भारत के राष्ट्रपति 7 नवंबर को पंतनगर



दौरे को देखते हुए तमाम खुफिया एजेंसी एवं पुलिस प्रशासन सतर्क है जिससे अपराधियों की छानबीन की जा रही है यहां यह देखनी है कि नगर में शुक्रवार सोमवार के अलावा मंगलवार को भी हाट बाजार आयोजित की जा रही है किंतु हार्ड बाजारों में नियमित फल वालों के अलावा यदा कदा व्यवसाय करने वाले लोग भी आ जाते हैं जिनका सत्यापन किया जाना भी शेष है। खुपिया एजेंसियां भी बाहर से आकर व्यापार करने वालों पर पैनी नजर बनाए हुई है। जबकि पुलिस प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं है। जबकि व्यापार की आड़ मे अपराधी छुप सकते है।

# अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार का. ललित मोहन व बिशन सिंह गश्त करते बगवाड़ा से शिमला पिस्तौर जा रहे थे। शिमला पिस्तौर से मलसा गिरधरपुर को जाने वाली सड़क की तरफ पहुंचे तो वहां एक व्यक्ति हाथ कट्टे को पड़कर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम पता जसवंत सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी शिमला पिस्तौर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से 32 पाउच अवैध शराब के बरामद हुए।

# भट्ट ने कोपा बसंता में रामलीला कलाकारों को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। गूलरभोज डामअंदर कोपा वसंता में चल रही रामलीला में केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री और नैनीताल ऊधम सिंह नगर सीट से सांसद अजय भट्ट ने पहुंचकर कर दी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने प्रभु श्री राम लीला का मंचन कर रहे कलाकारों का उत्साह बढ़ाते हुए उनकी सराहना की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि रामलीला मर्यादा



कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। बस्ती में प्रथम बार किसी केंद्रीय मंत्री को देखकर वहां के लोग बहुत उत्साहित नजर आये उन्होंने अपनी समस्याएं भी केन्द्रीय मंत्री के सामने रखी। कुछ समस्याओं का निस्तारण केंद्रीय मंत्री द्वारा तुरंत कर दिया गया। केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने क्षेत्र में सोलर लाइट लगवाने के लिए कहा और साथ ही क्षेत्र की ओर जाने वाली एकमात्र रोड को भी तुरंत अधिकारियों से बात कर सही करवाने के निर्देश दिए और साथ ही वहाँ रामलीला मंच बनाने की घोषणा भी एवं धर्म की राह पर चलने का संदेश देती है। उन्होंनें कहा कि प्रभु श्री राम के आदर्शों को आचरण में उतारने से ही रामलीला का मंचन सार्थक होगा। इस अवसर पर सुखदेव सिंह नामधारी ,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेशपुर कावल सिंह ,भाजपा मंडल अध्यक्ष गदरपुर सुरेश खुराना ,बीडीसी मेंबर गुरमेल सिंह ,किशोर सामंत,मनोज देवरारी,चंदन नयाल, दीपक गोस्वामी, सतीश चुग, अशोक छाबड़ा ,परमजीत सिंह पन्ना सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


## नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गदरपुर गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं 08 में क्रमांक 167 पर श्री विजय कुमार पुत्र स्व. शिवकुमार का नाम अंकित है। श्री विजय कुमार की दिनांक 21/11/20019 को मृत्यु हो चुकी है। आवेदक अनुज कुमार पुठिया पुत्र स्व0 विजय कुमार द्वारा उत्तरजीवी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसमें सरोज पुठिया पत्नी विजय कुमार व अनुज कुमार पुठिया पुत्र विजय कुमार वारिस हैं। जिसमें सरोज पुठिया पत्नी स्व. विजय कुमार द्वारा नोटरी के आधार पर नामान्तरण हेतु अनापत्ति प्रस्तुत की गयी है जो कि अनुज कुमार पुठिया पुत्र स्व० विजय कुमार नाम से नामामारण करने के लिए प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मग साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बदनिपाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,गदरपुर,ऊधमसिंहनगर।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम व पता त्रुटिवश नरेश कुमार (NARESH KUMAR) और पता- जाफरपुर, उधम सिंह नगर अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरा सही और वास्तविक नाम बचत खाता सं0-10876712268 व आधार कार्ड में नरेश कुमार ग्रोवर (NARESH KUMAR GROVER) व पता-हाउस नं0-34,फेस नं0-3 अलायन्स किंग्सटन एस्टेट, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड-263153 अंकित है।

-नरेश कुमार ग्रोवर पुत्र श्री लाल चंद ग्रोवर हाउस नं0-34, फेस नं0-3 अलायन्स किंग्सटन एस्टेट, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड-263153

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम व पता त्रुटिवश ऊषा रानी (USHA RANI) और पता-जाफरपुर, उधम सिंह नगर अंकित हो गया है जो कि गलत है। जबकि मेरा सही और वास्तविक नाम आधार कार्ड बैंक पासबुक में ऊषा ग्रोवर (USHA GROVER) व पता- हाउस नं0-34, फेस नं0-3 अलायन्स किंग्सटन एस्टेट, रूद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड-263153 अंकित है।

**-ऊषा ग्रोवर पत्नी श्री नरेश कुमार ग्रोवर**
हाउस नं.-34, फेज नं0-3, अलायन्स किंग्सटन एस्टेट, तहसील-रूद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड-263153

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री का नाम SUNAKSHI (पुराना नाम)से बदलकर SUNAKSHI BISWAS (नया नाम) कर लिया है। अतः भविष्य में मेरी पुत्री को SUNAKSHI BISWAS (नया नाम) D/O GOPAL BISWAS के नाम से जाना पहचाना जाये।

वर्तमान पता -WARD NO. 3, SANJAY NAGAR, KHERA, RUDRAPUR, DISTT- UDHAM SINGH NAGAR, UTTARAKHAND

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र का नाम GARV VISWAS (पुराना नाम)सेबदलकर GARV BISWAS (नया नाम) कर लिया है। अतः भविष्य में मेरे पुत्र को GARV BISWAS (नया नाम) S/O GOPAL BISWAS के नाम से जाना पहचाना जाये।

वर्तमान पता-WARD NO. 3, SANJAY NAGAR, KHERA, RUDRAPUR, DISTT- UDHAM SINGH NAGAR, UTTARAKHAND

# महिला का खोया पर्स वापस दिलाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस कर्मियों ने एक महिला का खोया पर्स ढूंढ कर वापस लौटकर सराहनीय कार्य किया है। जानकारी के अनुसार एक महिला श्रीमती कविता शर्मा नगर के मेडिकल स्टोर से अपनी बीमार माताजी की दवा लेकर घर को जा रही थी। जिन्हें कालाढूंगी रोड पर ज्ञात हुआ कि उनका पर्स कही गुम हो गया है। पर्स में महिला की माताजी की दवा, महत्वपूर्ण दस्तावेज और नगदी रखी हुई थी। महिला घबराकर वहां ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों की मदद से सीसीटीवी कंट्रोल



रूम पहुंची। कमांड कंट्रोल सेंटर पर मौजूद पुलिस सीसीटीवी टीम द्वारा महिला के वृतांत के आधार पर हल्द्वानीख्रकालाढूंगी रोड के अनेकों सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। काफी खोजबीन के बाद पुलिस को ज्ञात हुआ कि महिला का पर्स घर जाते वक्त परिवहन किए गए ऑटो यूके 04टीबी 2526 में गिर गया। पुलिस द्वारा उक्त ऑटो को सीसीटीवी के माध्यम से तलाश कर लिया गया। सीसीटीवी टीम में नियुक्त कानि. राजेंद्र बिष्ट और रोहित सिंह द्वारा महिला का खोया पर्स बरामद किया गया। पर्स में रखा हुआ सभी सामान यथास्थिति में ही मिला। जिसे महिला के सुपुर्द किया गया।

# सनातन धर्म के विरुद्ध अपशब्द कहने वालों पर मुकदमा चलाया जाना न्याय की जीत : डॉ.महाजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। सनातन मौर्या समाजवादी पार्टी नेता पर माननीय हाइकोर्ट द्वारा मुकदमा चलाने की अनुमति देने पर एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष ने पत्रकारों से वार्ता कर हाइकोर्ट का आभार व्यक्त किया है। पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए डा. महाजन ने कहा कुछ माह पूर्व सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या, सपा विधायक आरके वर्मा व अन्य ने हिन्दुओं के पवित्र ग्रंथ रामचरित मानस की प्रतियां सरेआम जलायी थी तथा रामचरित मानास पर अभद्र टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी पर डॉ.आर के महाजन व पार्टी के अन्य कार्यकताओं ने में मौर्या के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए घटना व विरोध प्रदर्शन किया था। उस समय एक अधिवक्ता ने स्वामी प्रसाद मौर्या पर प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) की अदालत में एक मुकदमा चलाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया था। स्थानीय अदालत ने मौर्या के विरुद्ध मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी थी। न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध स्वामी प्रसाद मौर्या ने उत्तर प्रदेश की हाइकोर्ट में उस निर्णय को निरस्त करने की याचिका दायर की थी कि उनके खिलाफ मुकदमा न चलाया जाए। हाईकोर्ट के विद्वान न्यायाधीश ने




मौर्य की याचिका को खारिज कर मौर्या व अन्य के विरुद्ध मुकदमा मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी। विद्वान न्यायाधीश ने कहा कि मौर्या व अन्य के विरुद्ध मुकदमा चलाने के लिए प्राप्त साध्य है तथा इस लिए उनको कोई राहत नहीं दी जा सकती तथा कहा कि जन प्रतिनिधियों या सामाजिक सौहार्द खराब करने वाले कृत्यों से दूर रहना चाहिए। याचिका संतोष कुमार मिश्रा द्वारा दाखिल की गयी थी। डा. महाजन ने हाइकोर्ट के इस निर्णय का स्वागत किया है तथा यह भी कहा कि इस निर्णय के दूरगामी परिणाम होने तथा अब सनातन को मिटाने की बात कहने वाले उदयनिधि स्टालिन पर भी शिकंजा कसेगा। इस दौरान डा आरके महाजन, हरचरण सिंह, गोपाल कश्यप, मुकेश फोगाट आदि मौजूद रहे।

# बेहड़ की जन सभा होगी ऐतिहासिक: खान

किच्छा(उद संवाददाता)।विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा रविवार 5 नवंबर को टैक्सी स्टैंड किच्छा में आयोजित की जाने वाली जनसभा ऐतिहासिक होगी। उक्त बात सिरौली कला के वार्ड नंबर 19 में जनसंपर्क करने के बाद कांग्रेस के जिला



सचिव एन यू खान ने कही। खान ने दावा किया है विधायक की सभा को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है विधायक द्वारा कम समय में दिए गए विकास कार्यों को लेकर जनता में खुशी की लहर है किसी को देखते हुए जनता 5 तारीख का बेसब्री से इंतजार कर रही है ।और यह सवाल ऐतिहासिक होने वाली है श्री खान में जनसंपर्क सभा में क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया।

# प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शनों के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार कर लिया।



जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में थाना पुलिस ने गौला पार्किंग के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम जमील अहमद बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 10 अवैध प्रतिबंधित नशीले इन्जेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने इंजेक्शन कब्जे में लेकर जमील अहमद को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम टीम में उनि शंकर नयाल, कानि. दिलशाद अहमद, परवेज अली व मुन्ना सिंह शामिल थे।

# चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने एक नशा तस्कर को स्कूटी पर अवैध चरस ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा के नेतृत्व में उनि. फिरोज आलम चौकी प्रभारी मल्ला काठगोदाम द्वारा कानि. प्रेम प्रकाश, उमेश प्रसाद तथा प्रमोद कुमार के साथ चेकिंग करते हुए नैनी वैली स्कूल वाली गली का पास एक बड़ा तस्कर को स्कूटी संख्या



यूके 06 एएस 6455 के साथ पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता विजय पनेरू पुत्र परमानंद पनेरू निवासी ग्राम डालकन्या थाना खन्स्यु जिला नैनीताल बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 410 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस ने विजय को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# पूनम पंडित का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बुलंदशहर से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में विधायक का चुनाव लड़ चुकी पूनम पंडित बृहस्पतिवार शाम रुद्रपुर पहुंची, जहां उन्होंने एक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की



वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा सहित कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, यूथ कांग्रेस नेता फरमान सिद्दीकी, अरविंद सक्सेना आदि ने उनसे मुलाकात की और उनका स्वागत किया। यहां देर तक पूनम पंडित और श्रीमती शर्मा के बीच राजनैतिक मामलो में चर्चा भी हुई।

## पेज एक का शेष...

**हादसों में दो युवकों....**पर सवार होकर जसदेव सिंह कुदैवोवाला से वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान मार्ग में नए ढेला पुल पर दुर्घटना की चपेट में आकर वह बुरी तरह लहुलुहान हो गया। घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर उसने परिजनों की मदद से घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। सरकारी अस्पताल में घायल की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने जब हाथ खड़े कर दिए तो उसे उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल ले जाया जा रहा था इसी दौरान मार्ग में घायल ने दम तोड़ दिया। मृतक इकलौता था। वह अविवाहित है। उसके एक छोटी बहन है जिसकी शादी हो चुकी। अचानक घटी घटना को लेकर परिवार में शोक व्याप्त है। इसी तरह रोड एक्सीडेंट के एक अन्य मामले में मीट के कारोबार से जुड़े युवक को देर रात अज्ञात वाहन ने कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के मुताबिक बुड़हानपुर अलीगंज निवासी महिपाल सिंह का 21 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार साप्ताहिक हाट बाजार में मुर्गा मीट बेचने का काम करता है। बताते हैं कि गुरुवार को रंजीत महुआखेड़ागंज में साप्ताहिक हाट बाजार करने के बाद मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान रात्रि लगभग 11:30 बजे पैगा पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही से बाइक चालक को चपेट में लेकर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मृतक केशव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक दो भाई दो बहन है। मीट विक्रेता की हुई मृत्यु के मामले में स्थिति काफी संशय पूर्ण बनी है। परिजनों को इसकी जानकारी सुबह मिली। परिजनों का कहना है कि महुआ खेड़ा गंज से साप्ताहिक हाट बाजार करने के बाद वह बाइक से घर लौट रहा था जबकि पुलिस का कहना है कि घटनास्थल पर उसके मोटरसाइकिल का मुंह विपरीत दिशा में था। इसलिए पुलिस की माने तो मृतक घर की बजाय कहीं और जा रहा होगा। अब यहां सवाल यह खड़ा होता है की रात्रि 11:30 बजे के करीब मीट विक्रेता आखिर घर नहीं जा रहा था तो कहां जा रहा था।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम नितिन कुमार गावा से बदलकर नितिन गावा रख लिया है। भविष्य में मुझे नितिन गावा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**नितिन गावा पुत्र श्री अविनाशी लाल, निवासी- काशीपुर रोड़, टेनेट एजेंसी, निकट संजीवनी हॉस्पिटल, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सुरेश कुमार से बदलकर सुरेश गुलाटी रख लिया है। भविष्य में मुझे सुरेश गुलाटी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

–सुरेश गुलाटी पुत्र श्री अंगूरी लाल, निवासी एच.न.155/9, ग्राम–जगतपुरा देहात पार्ट, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड


**छः दिन के मासूम..**पुत्र की तबीयत खराब हुई थी, जिसपर वह उसे प्रीत बिहार में खुले न्यू मेडीस्टार हास्पिटल ले गया था, जहां अस्पताल प्रबंधन ने उसे बताया था कि अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ मौजूद हैं, बच्चे का ठीक से इजाल किया जायेगा। वृहस्पतिवार को अस्पताल में कंपाउंडर द्वारा लगाए गए इंजेक्शन के बाद बच्चे की मौत हो गई। पीड़ित ने बताया कि अस्पताल में कोई बाल रोग विशेषज्ञ व डिग्रीधारी डाक्टर नहीं है, अस्पताल का संचालन पासा नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा वह भी बुधवार से देहरादून गया हुआ था। दो दिन से सिर्फ कंपाउंडर ही बच्चों का इलाज कर रहे थे। आरोप है कि अस्पताल का स्वास्थ विभाग में कोई रजिस्ट्रेशन भी नहीं है। धोखे में रखकर अस्पताल प्रबंधन ने बच्चे की जिंदगी से खिलवाड़ किया, जिसके उसकी मौत हो गई। एसएसआई कमाल हसन ने मामले की जांच दरोगा जय प्रकाश को सौंपी है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आरोपी पर कार्रवाई की जाएगी।

**देहरादून में कल सजेगा...**को स्थगित कर दिया गया। कार्यक्रम के संयोजक निवृत्ति यादव ने बताया कि सुरक्षा को देखते हुए रायपुर के स्टेडियम के बजाय अब कार्यक्रम दून के परेड ग्राउंड के पास खेल मैदान में होगा। दरबार में 40 से 50 हजार भक्तों के पहुंचने की संभावना है। चार नवंबर को धीरेंद्र शास्त्री का दरबार पांच बजे से शुरू होकर रात दस बजे तक चलेगा। सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष कुमार ने बताया कि किन कारणों से बदलाव हुआ, यह जानकारी नहीं है। लेकिन अब यह आयोजन परेड ग्राउंड खेल मैदान में होगा। परेड ग्राउंड शहर के बीच में है। धीरेंद्र शास्त्री के दरबार में भक्तों की काफी संख्या में भीड़ उमड़ती है। दून में उनका दरबार पहली बार लगने जा रहा है। ऐसे में कार्यक्रम में भीड़ आने की उम्मीद है। इसलिए प्रशासन को परेड ग्राउंड में कार्यक्रम को लेकर काफी मशक्कत करनी होगी। खासकर यातायात को लेकर बड़ी चुनौती होगी।

**खेत में अश्लील...**लाती है । पकडे गये व्यक्ति ने अपना नाम इरशाद पुत्र अब्दुल करीम निवासी अलसीया भोज थाना बहेडी बरेली हाल निवासी वार्ड 19 सिरौलीकला बताया। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। साथ ही मौके से फरार हुए लोगों की तलाश शुरू कर दी।

**राष्ट्रपति के कार्यक्रम...**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मन्जूनाथ टीसी ने विद्युत, खाद्य सुरक्षा, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम तथा फायर सैफ्टी ऑफीसर को निर्धारित मानकानुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, एसपी मनोज कत्याल, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, अशोक कुमार जोशी, डैम मौहम्मद नासिर, एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा, गौरव पाण्डे आदि उपस्थित थे।

**विजिलेंस टीम ने ..**नष्ट कराया गया।हालांकि देखने वाली बात यह होगी कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ तुम्हारी सीजन में देखने को मिलेगी या यह पूरे साल भर यूं ही जारी रहेगी। क्योंकि हरिद्वार से ही गढ़वाल मंडल में मिलावटी सामान की बड़ी खेप एंट्री होती है।

**शराब पीकर कालेज...**किया गया है। उनका निलंबन तब तक प्रभावी रहेगा जब तक उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही को बताया गया है कि इससे पहले भी समाप्त न कर दिया जाए।

# गुलदार ने बच्ची को बनाया शिकार

कालाढूंगी। उत्तराखंड में नैनीताल जिले के कालाढूंगी में तेंदुए के आतंक से लोग दहशत में हैं। गुरुवार देर शाम वार्ड नंबर एक में आंगन में खेल रही एक पांच वर्षीय बच्ची को तेंदुए ने निवाला बना लिया। बच्ची का शव बगीचे से बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, राजेंद्र सिंह की पांच वर्षीय बेटी गौरी शाम करीब साढ़े छह बजे अपने आंगन में खेल रही थी। इस दौरान घात लगाए बैठे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और उसे उठाकर ले गया। इस बात की खबर जब परिजनों को लगी तो उन्होंने मासूम की खोजबीन शुरू की। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद बच्ची का शव घर से कुछ ही दूरी पर एक बगीचे में पड़ा मिला। घटना के बाद एसडीएम व तहसीलदार ने पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भिजवा दिया है। आबादी के बीच घटित घटना से ग्रामीणों में दहशत है। मृतका सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ती थी। घटना के बाद रेंजर मुकेश जोशी घटनास्थल पर पहुंचे उन्होंने परिवार जनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# विद्युत चोरी में दो के खिलाफ रपट

रूद्रपुर (उद संवाददाता )। विद्युत विभाग की टीम द्वारा किये गये औचक निरीक्षण में दो भवनों विद्युत चोरी के मामले पाये जाने के बाद दोनों भवन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया। जानकारी के अनुसार अन्शुल मदान उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड रुद्रपुर प्रथम साथी कुलदीप सिंह अवर अभियन्ता मटकोटा, विपिन सक्सेना लाईन कर्मी व शरद चौधरी पुलिस निरीक्षक सर्तकता इकाई कुमॉउ क्षेत्र हल्द्वानी के साथ विद्युत चौकिंग करते राम चन्दर पुत्र अज्ञात निवासी कृष्णा कालोनी, वार्ड 2, ट्रांजिट कैम्प तथा व राजेश कुमार उर्फ मोनू कश्यप पुत्र अज्ञात निवासी कृष्णा कालोनी, वार्ड 2 के आवास पहुंचे। जहां विद्युत चोरी के मामले पाये गये। मौके पर केबल कब्जे में लेकर विभाग द्वारा उक्त दोनों भवन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया गया है।

# किशोरी को घर से ले जाकर पूरे दिन घुमाया, आरोपी पहुंचा हवालात

रुद्रपुर। चौकी रम्पुरा क्षेत्र निवासी एक युवक ने पड़ोस की किशोरी को घर से ले जाकर पूरे दिन घुमाया और घर में जाकर किसी को बताने से इंकार कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक रम्पुरा चौकी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि बुधवार को उसकी नाबालिग लड़की को कालोनी ही निवासी एक युवक बहला फुसलाकर ले गया। पूरे दिन घुमाया और शाम को घर छोड़ दिया। युवक ने किशोरी को घर में किसी को बताने से मना कर दिया। शिकायत करने पर धमकाया। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी को हिरासत में ले लिया और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कई पीढ़ियों के लिए वरदान बनेगी जमरानी बांध परियोजना: भट्ट

## भाजपा कार्यालय में केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री भट्ट का जोरदार स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जमरानी बांध परियोजना को मंजूरी मिलने पर केंद्रीय रक्षा पर्यटन राज्यमंत्री एवं सांसद अजय भट्ट का भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जोरदार स्वागत से अजय भट्ट गदगद नजर आये। स्वागत कार्यक्रम में स्वागत भाषण भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने किया। स्थानीय विधायक शिव अरोरा ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए कहा कि निश्चित रूप से जमरानी बांध परियोजना कुमाऊँ के लिए विशेष सौगात है इसके लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट के विशेष प्रयास से वित्तीय स्वीकृति मिल पाई है। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा जमरानी बांध एक बहुत बड़ी तपस्या के परिणाम है जो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हम कुमाऊँ वासियो को दीपावली की विशेष सौगात दी है जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी कंधे से कंधा मिलाकर इस योजना की हर बाधा को दूर करने में सदैव साथ रहे हैं। अजय भट्ट ने बताया उनकी इस पहल में अनेको रुकवाटे रही लेकिन वह इसको लेकर हर स्तर पर प्रयास किये जिसके परिणाम स्वरूप मोदी केबिनेट इस जमरानी बांध को मंजरी दे दी जिसके लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत बहुत आभार है, उन्होंने कहा इस योजना का लाभ विशेष रूप से नैनीताल उधम सिंह नगर के किसानों व इसके साथ ही इस परियोजना से बिजली उत्पादन और रोजगार की संभावना पैदा होगी, यह हम सभी के गर्व की बात है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हम सभी के ऊपर विशेष कृपा रही है जिससे हमारे यहाँ किच्छा में एम्स सैटलाइट, पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण, हो या रुद्रपुर बाईपास रिंगरोड, इसके साथ हम सुशीला तिवारी हल्द्वानी में कैथ लेब की स्थापना करवाने जा रहे हैं , उन्होंने कहा इस नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा में अनेको कार्यो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से धरातल पर नजर आने वाले हैं ।केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा जमरानी बांध परियोजना में मुझसे पहले अनेको सांसदों ने इसके लिये प्रयास किये लेकिन यह गर्व का विषय है मेरे कार्यकाल में इस बहुत ही जनउपयोगी परियोजना का कार्य अस्तित्व में आने वाले हैं इस जमरानी बांध परियोजना में 90% खर्च केंद्र सरकार उठाने वाली है तो 10 % खर्च राज्य सरकार वहन करेगी, यह बांध काठगोदाम क्षेत्र के दस किलोमीटर क्षेत्र में बनने वाला है जिसके लिये इसमे केंद्रीय परियोजना में शामिल कर 1730. 20 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति मिली है वही इसमे 2500 करोड़ से ऊपर की लागत इसमे आने वाली है इसका टेंडर जल्द होने वाला है और जनवरी में इसकी आधारशिला रखी जानी है, उन्होंने कहा यह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिये मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोरा, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, मेयर रामपाल, उत्तम दत्ता, डी एन मिश्रा, सुरेश कोली, के के दास, राकेश सिंह, धर्म सिंह कोली, धीरेश गुप्ता, धीरेंद्र मिश्रा, हेमन्त नरूला, हरीश भट्ट, योगेश वर्मा, विपिन जल्होत्रा,शाह खान, सुशील यादव, राधेश शर्मा, राजेश जग्गा, शालनी बोरा, रश्मि रस्तोगी, स्वाति शर्मा, माही सकलानी, ममता त्रिपाठी, चन्द्रकला, सुनील सागर, मयंक कक्कड़, सुरेश शर्मा, निमित शर्मा, शिव कुमार, सुनील यादव , जगदीश विश्वास, विकास सागर, मदन दिवाकर, विक्की वाल्मीकि, जगसोरण, राजेश तिवारी व अन्य लोग मौजूद रहे।







# महिला आयोग उपाध्यक्ष ने छात्रावास का किया निरीक्षण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने श्री दूधिया बाबा कन्या छात्रवास का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वहां रह कर पढ़ाई कर रह रही 150 बालिकाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने बच्चों के कमरे, किचन व शौचालय का निरीक्षण कर स्वच्छता के निर्देश किया।राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने श्री दूधिया बाबा कन्या छात्रावास का निरक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने स्कूल टीचर की तरह बच्चों के बीच बैठकर उनसे समान्य ज्ञान सहित विषयों से सम्बन्धित सवाल भी पूछे। उन्होंने छात्रावास में आ रही समस्यों के बारे में भी बच्चों से पूछा। इसके बाद उन्होंने स्कूल की व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने कहा कि साफ सफाई होना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। मन, तन, मस्तिष्क के लिए यह बहुत जरूरी है। उन्होंने स्टाफ से भी समस्याएं पूछी और हर संभव समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान प्रबंधक प्रेमलता पुरोहित, पूर्व अध्यक्ष अल्प संख्यक आयोग हरजिंदर विर्क, एवम अन्य संस्थान कर्मचारीगण मौजूद थे।



# खाद्य सुरक्षा विभाग का छापामार अभियान जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखण्ड के आयुक्त एवं संयुक्त आयुक्त के निर्देश पर जनपद त्योहारी सीजन दीपावली को देखते हुए व्यापक निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बाजपुर, रूद्रपुर, सितारगंज में विशेष अभियान में गठित टीम के सदस्यों वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती अपर्णा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, श्रीमती आशा आर्या एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार द्वारा दूध, पनीर, दाल, लाल मिर्च पाउडर, चीनी, सूजी, बेसन, सांभर मसाला, सॉस, मस्टर्ड ऑयल आदि के कुल 38 नमूने संग्रहित किये गये। अभियान के दौरान संग्रहित किये गये इन सभी नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य एवं औषधि विश्लेषणशाला, रूद्रपुर, ऊधम सिंह नगर को प्रेषित किये गये हैं, जिनकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छ एवं स्वस्थ्य खाद्य पदार्थों को ही विक्रय करने के निर्देश दिये गये तथा उन्हें निर्देशित किया गया कि वे विक्रय हेतु खाद्य पदार्थ केवल अधिकृत खाद्य पदार्थों के सप्लायरों से ही खरीदें त्योहारी सीजन को देखते हुए निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण कार्यवाही सम्पूर्ण जनपद में लगातार जारी रहेगी। बताया गया है कि न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा अधोमानक कुट्टू का आटा, कस्टर्ड पाउडर तथा खुली चीनी का विक्रय करने पर 27000 का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।

